भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY TIRUPATI
एर्पेडु – वेंकटगिरी रोड, एर्पेडु पोस्ट, तिरुपति जिला, आंध्र प्रदेश - 517619
Yerpedu – Venkatagiri Road, Yerpedu Post, Tirupati District, A.P - 517619

**विज्ञापन संख्या: ऐयाईटीटी/फैकरेक /01/2026** **दिनांक: 10-04-2026**

प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961 के तहत एक **राष्ट्रीय महत्व का संस्थान** घोषित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति, योग्य भारतीय नागरिकों, भारतीय मूल के व्यक्तियों, भारत के प्रवासी नागरिकों और विदेशी नागरिकों से नीचे दिए गए विभागों और अनुसंधान क्षेत्रों में सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक और प्राध्यापक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

**विभाग और अनुसंधान क्षेत्र**

| क्र.सं. | विभाग / क्षेत्र | शोध क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | रासायनिक अभियांत्रिकी | 1. उत्प्रेरण और अभिक्रिया अभियांत्रिकी (स्नातक स्तर पर रासायनिक अभियांत्रिकी का विषय अनिवार्य)<br>2. जटिल रसों की प्रवाहिकी (स्नातक रासायनिक अभियांत्रिकी में)<br>3. खाद्य प्रक्रिया अभियांत्रिकी (कम से कम एक उपाधि रासायनिक या खाद्य अभियांत्रिकी में) |
| 2. | रसायन विज्ञान<br>*(कम से कम एक पूर्ववर्ती उपाधि रसायन विज्ञान, जैव-रसायन, या रासायनिक विज्ञान में होना अनिवार्य है।)* | 1. खाद्य रसायन और खाद्य जैव-रसायन<br>2. बहुलक रसायन<br>3. कार्बनिक उत्प्रेरण |
| 3. | सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी | 1. प्रज्ञ सामग्री एवं प्रबुद्ध आधारिक अवसंरचना<br>2. परिवहन अभियांत्रिकी: सार्वजनिक पारगमन प्रणालियाँ / सड़क सुरक्षा<br>3. जल संसाधन अभियांत्रिकी: भूजल मॉडलिंग और प्रबंधन |
| 4. | कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | 1. कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के समस्त क्षेत्र |
| 5. | विद्युत अभियांत्रिकी | 1. विद्युत शक्ति अभियांत्रिकी (विद्युत वाहन / नवीकरणीय ऊर्जा का ग्रिड एकीकरण और बैटरी भंडारण में विशेषज्ञता)<br>2. एनालॉग/डिजिटल वी एल एस आई डिजाइन<br>3. संकेत प्रसंस्करण और यंत्र अधिगम |
| 6. | मानविकी और सामाजिक विज्ञान | 1. रणनीतिक प्रबंधन (प्रौद्योगिकी एवं नवाचार प्रबंधन; कॉर्पोरेट रणनीति; उद्यमिता)<br>2. वित्तीय प्रबंधन (लागत और प्रबंधन लेखांकन / प्रतिभूति, निवेश / निवेश संग्रह प्रबंधन / कराधान और अंकेक्षण / कॉर्पोरेट वित्त)<br>3. सार्वजनिक नीति (विज्ञान और प्रौद्योगिकी / संस्थान और विनियम) |
| 7. | यांत्रिक अभियांत्रिकी | 1. अंतरिक्षीय अभियांत्रिकी: संरचना / उड़ान गतिकी / नियंत्रण प्रणाली<br>2. औद्योगिक अभियांत्रिकी<br>3. धातु निर्माण |
| 8. | पदार्थ विज्ञान और अभियांत्रिकी | 1. भौतिक धातु विज्ञान<br>2. निष्कर्षक धातु विज्ञान<br>3. बहुलक अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी<br>4. अभिकलनात्मक पदार्थ विज्ञान<br>5. बैटरी प्रतिमानन, निदान और प्रबंधन प्रणाली |
| 9. | गणित और सांख्यिकी | 1. संख्यात्मक विश्लेषण और वैज्ञानिक गणना<br>2. अनुकूलन |

| | | |
|---|---|---|
| | | 3. सांख्यिकी |
| 10. | भौतिक विज्ञान | 1. प्रयोगात्मक उपकरण भौतिकी (अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिकी पृष्ठभूमि के साथ)<br>2. क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम संचार (प्रायोगिक/सैद्धांतिक)<br>3. प्रयोगात्मक मृदु पदार्थ और/या जैव-भौतिकी |
| 11. | भू-स्थानिक और सुदूर संवेदन | 1. भू-स्थानिक प्रबुद्धता और विश्लेषिकी<br>2. सुदूर संवेदन हेतु उन्नत संवेदन प्रणालियाँ |
| 12. | अनुप्रयुक्त कृत्रिम मेधा | 1. अधिगम-आधारित बोध एवं नियंत्रण<br>2. प्रक्रिया प्रणालियों और पदार्थों के लिए भौतिकी-सूचित कृत्रिम मेधा<br>3. बहु-कारक सिस्टम और नागरी संजाल<br>4. सूक्ष्म कृषि और रोबोटिक खेती<br><br>संबंधित अभियांत्रिकी पृष्ठभूमि एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता /डेटा विज्ञान एवं भौतिक प्रणालियों के समन्वय पर उच्च गुणवत्तापूर्ण शोध करने की प्रदर्शित क्षमता युक्त अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। |

ध्यान दें : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति अपनी भर्ती प्रक्रिया हेतु विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी -एनसीएल), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं दिव्यांगजनों के संबंध में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की आरक्षण नीति लागू होगी। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक सहायक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। साक्षात्कार की तिथि तक शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम निर्देश प्रभावी होंगे। महिला अभ्यर्थियों एवं आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

**ए. शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम)**

सभी विभागों के लिए अनिवार्य योग्यता संबंधित विषय या विज्ञापित क्षेत्र में पी.एच.डी. है, जिसमें पूर्ववर्ती उपाधि में प्रथम श्रेणी या समकक्ष (ग्रेड आदि के संदर्भ में) और पूरे शैक्षणिक काल में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन होना आवश्यक है। हालाँकि, अन्य क्षेत्रों में पी.एच.डी. धारक अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं, यदि उनका अद्यतन शोध कार्य विज्ञापित क्षेत्रों के अंतर्गत आता है।

**बी. अनुभव**

**सहायक आचार्य श्रेणी-II (अनुबंधात्मक)**

वे अभ्यर्थी जो 'सहायक आचार्य श्रेणी-I' के सभी मानदंडों को पूर्ण करते हैं, परंतु जिनके पास पी.एच.डी. उपरांत आवश्यक अनुभव का अभाव है, उन्हें उनके शोधोत्तर अनुभव के वर्षों के आधार पर उपयुक्त वेतन के साथ 'सहायक आचार्य श्रेणी-II' के पद पर नियुक्त किया जा सकता है। उनके श्रेणी-I हेतु अनुभव संबंधी अहर्ता पूर्ण कर लेने पर एक विशेषज्ञ समिति उनके प्रत्यय-पत्रों एवं योगदान की समीक्षा करेगी तथा उन्हें श्रेणी-I में पदोन्नत करने पर विचार करेगी।

**सहायक आचार्य श्रेणी-I**

पी.एच.डी. प्राप्ति के उपरांत न्यूनतम तीन वर्षों का शिक्षण / शोध / व्यावसायिक अनुभव अनिवार्य है, जिसमें पी.एच.डी. शोध के दौरान प्राप्त अनुभव सम्मिलित नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी के पास प्रतिष्ठित पत्रिकाओं एवं सम्मेलनों में शोध प्रकाशन में यथा दर्शित अपनी प्रदर्शित शोध क्षमता का प्रमाण होना आवश्यक है।

**सह-आचार्य**

पी.एच.डी. उपरांत न्यूनतम 6 वर्षों का शिक्षण/शोध/व्यावसायिक अनुभव, जिसमें से कम से कम 3 वर्ष का अनुभव भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, भारतीय विज्ञान संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थानों, भारतीय प्रबंधन संस्थानों में 'सहायक आचार्य श्रेणी-I' के स्तर पर या किसी अन्य समकक्ष स्तर के भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों/उद्योगों में होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी के पास प्रतिष्ठित पत्रिकाओं एवं सम्मेलनों में उत्कृष्ट शोध प्रकाशनों के साथ शोध क्षमता का प्रमाण होना अपेक्षित है और उनके निर्देशन में पी.एच.डी. छात्र शोध पूर्ण कर चुके हों, और साथ ही अभ्यर्थी के उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण क्षमता का भी प्रदर्शन हो, यह अपेक्षित है। यह वांछनीय है कि अभ्यर्थी ने प्रयोगशाला विकास/पाठ्यक्रम विकास/तकनीकी विकास अथवा एकस्व (पेटेंट) की दिशा में नवोन्मेषी कार्य किया हो और शोध हेतु पर्याप्त वित्तीय संसाधन जुटाए हों। उत्कृष्ट शोध/व्यावसायिक पृष्ठभूमि युक्त औद्योगिक क्षेत्रों से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए छात्रों के शोध निर्देशन एवं शिक्षण संबंधी मानदंडों में शिथिलता दी जा सकती है।

**आचार्य**

पी.एच.डी. उपरांत न्यूनतम 10 वर्षों का शिक्षण/शोध/व्यावसायिक अनुभव, जिसमें से कम से कम 4 वर्ष का अनुभव अनिवार्यतः किसी आई.आई.टी, आई.आई.एस.सी, आई.आई.एस.ई.आर, आई.आई.एम में 'सह-आचार्य' के स्तर पर या अन्य समकक्ष स्तर के भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में हो। अभ्यर्थी से अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में शोध नेतृत्व की अपेक्षा है और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं/सम्मेलनों में उत्कृष्ट शोध लेख एवं उनके द्वारा निर्देशित सफल पी.एच.डी. शोधार्थी इसके अनिवार्य प्रमाण माने जाएंगे। उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण क्षमता अनिवार्य है। यह वांछनीय है कि अभ्यर्थी ने प्रयोगशाला/पाठ्यक्रम/तकनीकी विकास या नवोन्मेषी कार्यों के माध्यम से पेटेंट प्राप्त किए हों और शोध हेतु बाह्य निधि अर्जित की हो। साथ ही, यह भी वांछनीय है कि अभ्यर्थी को अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में बाह्य ख्याति/मान्यता प्राप्त हो। असाधारण शोध कीर्तिमान प्राप्त अनुसंधान प्रयोगशालाओं के अभ्यर्थियों को शिक्षण एवं पी.एच.डी. शोध-निर्देशन संबंधी अनिवार्यताओं में शिथिलता प्रदान की जा सकती है।

| अनुभव जिसकी गणना की जाएगी | अनुभव जिसकी गणना नहीं की जाएगी |
|---|---|
| ● शोधोत्तर अनुसंधान अनुभव | ● अंशकालिक नियोजन |
| ● प्रासंगिक औद्योगिक अथवा अनुसंधान एवं विकास अनुभव | ● अतिथि संकाय पद |
| ● प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में सहायक आचार्य के रूप में शिक्षण अनुभव | ● दैनिक वेतनभोगी अथवा प्रति-घंटा अनुबंध |

अनुभव की गणना पूर्ण महीनों में की जाएगी। तीन पूर्ण महीनों से कम के किसी भी अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सी. परिवीक्षा (Probation)**

परिवीक्षा की अवधि सामान्यतः एक वर्ष होगी। तथापि, यदि आवश्यक पाया गया, तो संस्थान इस अवधि को विस्तारित कर सकता है।

**डी. आवेदन शुल्क**

कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।

**ई. वेतन एवं लाभ:**

**ई.1 मूल वेतन की तालिका नीचे दी गई है:**

| पद | पी.एच.डी. उपरांत न्यूनतम अनुभव | वेतन स्तर एवं पे-मैट्रिक्स (7वें सीपीसी के अनुसार) | मूल वेतन |
|---|---|---|---|
| सहायक आचार्य श्रेणी-II (अनुबंधात्मक) | नवीन पी.एच.डी. | वेतन स्तर – 10; सेल – 8 (₹ 57,700 – 98,200/-) | ₹ 70,900/- |
| | 1 वर्ष का अनुभव | वेतन स्तर – 11; सेल – 3 (₹ 68,900 – 1,17,200/-) | ₹ 73,100/- |
| | 2 वर्ष का अनुभव | वेतन स्तर – 11; सेल – 4 (₹ 68,900 – 1,17,200/-) | ₹ 75,300/- |
| सहायक आचार्य (श्रेणी-I) | 3 वर्ष का अनुभव | वेतन स्तर – 12; सेल - 1 (₹ 1,01,500 – 1,67,400/-) | ₹ 1,01,500/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहायक आचार्य (श्रेणी-I), वेतन स्तर – 13A1 | 6 वर्ष का अनुभव (जिसमें से 3 वर्ष सहायक आचार्य श्रेणी-I के रूप में अनिवार्य) | वेतन स्तर – 13A1; सेल -1(₹ 1,31,400 -,04,700/-) | ₹ 1,31,400/- |
| सह-आचार्य | 6 वर्ष का अनुभव (जिसमें से 3 वर्ष सहायक आचार्य श्रेणी-I के रूप में अनिवार्य) | वेतन स्तर –13A2; सेल -1(₹ 1,39,600 - 2,11,300/-) | ₹ 1,39,600/- |
| आचार्य (प्रोफेसर) | 10 वर्ष का अनुभव (जिसमें से 4 वर्ष सह-आचार्य के रूप में अनिवार्य) | वेतन स्तर – 14A; सेल - 1 (₹ 1,59,100 - 2,20,200/-) | ₹ 1,59,100/- |

ई-2 तिरुपति में तैनात केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य अन्य सभी भत्ते भी वेतन के साथ देय होंगे। इसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन पी एस) में अंशदान, मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता और टेलीफोन बिल की प्रतिपूर्ति आदि जैसे लाभ सम्मिलित हैं।

एफ. आयु सीमा

- सहायक आचार्य श्रेणी-II: अधिमानतः 35 वर्ष से कम आयु
- सहायक आचार्य श्रेणी-I: अधिमानतः 38 वर्ष से कम आयु
- सह-आचार्य: अधिमानतः 45 वर्ष से कम आयु

आयु की गणना ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी- एन सी एल) और दिव्यांग अभ्यर्थियों को भारत सरकार के मानकों के अनुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

| श्रेणी | आयु सीमा में छूट |
|---|---|
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी -एन सी एल) | 3 वर्ष |
| दिव्यांग | अनारक्षित & दिव्यांग: 10 वर्ष,अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी -एन सी एल) एवं दिव्यांग: 13 वर्ष<br>अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग: 15 वर्ष |

उपर्युक्त के अतिरिक्त, महिला अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।"

*केवल 01-04-2026 को या उसके बाद जारी किया गया अन्य पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाणपत्र ही मान्य होगा।*

**जी. आवेदन प्रस्तुतीकरण**

आवेदन इस विज्ञापन के लिए दिए गए लिंक https://www.iittp.ac.in/facultyrecruitment के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए। आवेदन जमा करने के संबंध में किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

अधिष्ठाता (संकाय मामले), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति,
एर्पेडु – वेंकटगिरी रोड, एर्पेडु पोस्ट, तिरुपति जिला, आंध्र प्रदेश – 517619
ईमेल: facultyrmt_queries@iittp.ac.in

**एच. आवेदन पत्र भरने के निर्देश**

**एच .1** यदि एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई आवेदक एक से अधिक विभागों में संकाय पदके लिए आवेदन कर रहा है, तो उसके लिए भी पृथक आवेदन जमा करने होंगे।

आवेदन पर केवल उसी पद के लिए विचार किया जाएगा जिसके लिए वह प्रस्तुत किया गया है। अनुलग्नकों को आवेदन पत्र के साथ अलग-अलग दस्तावेजों के रूप में अपलोड किया जाना चाहिए (पीडीएफ प्रारूप को प्राथमिकता दी जाएगी)। आवेदन पत्र / डेटा शीट मुख्य रूप से वैधानिक और सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए डेटा संग्रह हेतु एक सारांश पत्रक है; अतः सभी विवरण नीचे दिए गए विवरण के अनुसार संलग्न अकादमिक प्रोफाइल में दिए जाने चाहिए।

**एच.2** एक विस्तृत 'अकादमिक प्रोफाइल' अपलोड करें जिसमें निम्नलिखित जानकारी सम्मिलित हो:

☐ शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव: सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों और अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ अपलोड की जानी चाहिए।

☐ शिक्षण योजना: इसमें आईआईटी तिरुपति के पाठ्यक्रम (संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध) से उन मुख्य विषयों का उल्लेख करें जिन्हें अभ्यर्थी पढ़ा सकते हैं। साथ ही, पाठ्यक्रम विकास के उद्देश्यों और दीर्घकालिक रुचियों का विस्तृत विवरण दें।

- अनुभवी अभ्यर्थियों हेतु: यदि पूर्व शिक्षण अनुभव प्राप्त है, तो विवरण में छात्रों द्वारा दी गई फीडबैक रेटिंगऔर पिछले पांच वर्षों में पढ़ाए गए 3 सर्वश्रेष्ठ पाठ्यक्रमों की रूपरेखा शामिल करें। इसमें पाठ्यक्रम की रूपरेखा, उपयोग की गई नवीन पद्धतियाँ (जैसे ऑनलाइन सामग्री, टर्म पेपर, समूह गतिविधियाँ आदि) का विवरण दें। साथ ही, शिक्षण संबंधी पुरस्कारों और शिक्षक विकास कार्यक्रमों (प्रतिभागी या मार्गदर्शक के रूप में) का विवरण भी दें।

☐ अनुसंधान योजना: वर्तमान और पिछले अनुसंधान क्षेत्रों, उपलब्धियों तथा भविष्य की अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रकाश डालें।

- यदि लागू हो, तो निर्देशित शोधार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख करें, विशेष रूप से वे कार्य जिनमें आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रही हो।
- श्रेष्ठ शोध पत्र: अभ्यर्थी अपने तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों के पुनर्मुद्रण अपलोड करें। (सह-आचार्य और आचार्य के आवेदकों हेतु ये पत्र अधिमानतः वर्तमान पद पर रहते हुए प्रकाशित होने चाहिए)।
- इसके अतिरिक्त, एक संक्षिप्त विवरण दें जिसमें: (क) कार्य की महत्ता (संदर्भ), (ख) इन पत्रों में आपका तकनीकी योगदान, और (ग) यदि कार्य अन्य विशेषज्ञों (गैर-छात्रों) के साथ है, तो उसमें आपकी विशिष्ट भूमिका क्या थी।

☐ प्रकाशन एवं सम्मेलन विवरण: प्रकाशित शोध पत्रों और सम्मेलनों में प्रस्तुत पत्रों को कालानुक्रमिक रूप में सूचीबद्ध करें: लेखकों के नाम, शोध पत्र का शीर्षक, जर्नल/सम्मेलन का नाम, वॉल्यूम, पृष्ठ संख्या, वर्ष आदि।

- इन्हें 'जर्नल प्रकाशन' और 'राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' समूहों में वर्गीकृत करें। प्रत्येक पत्र के लिए साइटेशन काउंट और उपलब्ध जर्नल इम्पैक्ट फैक्टर का उल्लेख करें।

☐ पुरस्कार, पेटेंट और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण:

- पुरस्कार का नाम, स्वरूप, प्रदाता संस्था, उद्देश्य और वर्ष।
- पेटेंट का नाम, वर्ष और विवरण तथा सह-आविष्कारों की तुलना में अभ्यर्थी का विशिष्ट योगदान।
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, यदि कोई हो।

☐ शोध निर्देशन (केवल आधिकारिक मार्गदर्शक के रूप में):

- पीएच. डी/एम. एस. शोधार्थी का नाम, शोध प्रबंध का शीर्षक, उपाधि का वर्ष आदि। आवेदक की भूमिका (एकमात्र मार्गदर्शक/मुख्य मार्गदर्शक/सह-मार्गदर्शक) स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए।
- वर्तमान में जारी शोध-निर्देशन का विवरण, प्राप्त किए गए महत्वपूर्ण पड़ावों के साथ पृथक रूप से दिया जा सकता है।

☐ बाह्य वित्त पोषित परियोजनाएँ:

- परियोजना का शीर्षक, अवधि, प्रायोजक, कुल राशि, सह-अन्वेषक (यदि कोई हो) और अभ्यर्थी की विशिष्ट भूमिका।
- अभ्यर्थी उद्योग जगत के लिए किए गए विशेष योगदान, चुनौतियों और कार्य की उपयोगिता को स्पष्ट रूप से रेखांकित करें।
- अन्य गतिविधियाँ:
  - पाठ्यपुस्तकें एवं मोनोग्राफ: आपके द्वारा लिखी गई पाठ्यपुस्तकों और मोनोग्राफ (Monographs) का विस्तृत विवरण।
  - सतत शिक्षा कार्यक्रम / सम्मेलन: आपके द्वारा (आयोजक या सह-आयोजक के रूप में) आयोजित किए गए सतत शिक्षा कार्यक्रमों (Continuing Education Programs) या सम्मेलनों का विवरण।
  - संपादकीय भूमिका: किसी प्रतिष्ठित पत्रिका (Journal) के संपादकीय बोर्ड के सदस्य या संपादक के रूप में निभाई गई भूमिका।
- महत्वपूर्ण सेवा भूमिकाएँ: पिछले संस्थानों में निभाई गई प्रशासनिक, संस्थान-निर्माण और छात्र-केंद्रित भूमिकाओं का विवरण दें। इसमें आपके द्वारा संभाले गए पदों और आपकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख होना चाहिए।
- अकादमिक प्रतिष्ठा: अभ्यर्थी की अकादमिक प्रतिष्ठा से संबंधित कोई भी अन्य प्रासंगिक परंतु संक्षिप्त जानकारी।

एच.3 शंसा पत्र साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को कम से कम तीन गोपनीय शंसा पत्र सीधे अधिष्ठाता (संकाय मामले) को ईमेल (office_dofa@iittp.ac.in) के माध्यम से भिजवाने की व्यवस्था करनी होगी।

**आई. संकाय सदस्यों के व्यावसायिक उत्थान हेतु सहायता**

आई.1 विदेश से संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने वाले अभ्यर्थियों हेतु: नए नियुक्त अभ्यर्थियों और उनके आश्रित परिवार के लिए वर्तमान कार्यस्थल (विदेश) से संस्थान तक की एकतरफा इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा की प्रतिपूर्ति और अधिकतम ₹1,50,000/- तक (या वास्तविक, जो भी कम हो) स्थानांतरण भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह इस शर्त के अधीन है कि अभ्यर्थी संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष की सेवा प्रदान करेंगे।
आई.2 भारत के भीतर से संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने वाले अभ्यर्थियों हेतु: नए नियुक्त अभ्यर्थियों और उनके परिवार के लिए भारत के भीतर वर्तमान कार्यस्थल से संस्थान तक की एकतरफा इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा की प्रतिपूर्ति और अधिकतम ₹75,000/- तक (या वास्तविक, जो भी कम हो) स्थानांतरण भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह भी न्यूनतम 3 वर्ष की सेवा की शर्त के अधीन है।
आई.3 प्रारम्भिक अनुदान : कार्यभार ग्रहण करने पर कार्यालय हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की प्रारंभिक स्थापना हेतु ₹2.50 लाख का अनुदान।
आई.4 संकाय स्टार्ट-अप ग्रांट: अनुसंधान प्रस्तावों की समीक्षा के आधार पर शोध कार्य हेतु ₹20 लाख तक का स्टार्ट-अप अनुदान।
आई.5 संचयी व्यावसायिक विकास भत्ता: प्रत्येक संकाय सदस्य को प्रति 3 वर्ष की ब्लॉक अवधि के लिए ₹3 लाख (₹1 लाख प्रति वर्ष) का संचयी व्यावसायिक विकास भत्ता प्रतिपूर्ति के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है। इसका उपयोग राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी, व्यावसायिक निकायों की सदस्यता शुल्क और आकस्मिक व्यय हेतु किया जा सकता है।

आई.6 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: संस्थान के शैक्षणिक कार्य को प्रभावित किए बिना, संस्थान की वित्तीय सहायता के बिना अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने की कोई सीमा नहीं है।

आई.7 आवास: कार्यभार ग्रहण करने पर चयनित संकाय सदस्य दो सप्ताह तक संस्थान के अतिथि आवास में ठहर सकते हैं।

आई.8 मकान किराया भत्ता: संस्थान द्वारा आवास प्रदान न किए जाने की स्थिति में प्रचलित दरों पर देय होगा।

आई.9 औद्योगिक परामर्श: संस्थान उद्योग, अन्य अनुसंधान और व्यावसायिक संस्थानों के साथ संकाय के संवाद को प्रोत्साहित करता है। IIT तिरुपति में परामर्श कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है और इसके लिए उदार नीतियां प्रचलन में हैं।

आई.10 व्यावसायिक भ्रमण: वैज्ञानिक अनुसंधान कार्य करने हेतु अवकाश अवधि के दौरान व्यावसायिक भ्रमण किए जा सकते हैं।

आई.11 अनुसंधान हेतु विशेष अवकाश : अन्य शोधकर्ताओं और उद्योगों के साथ सहयोग करने हेतु लचीली सबैटिकल अवकाश सुविधा उपलब्ध है।

**जे अतिरिक्त सूचना**

**जे.1.** स्थायी संकाय पद भारतीय नागरिकों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों के लिए खुले हैं। अनुबंध के आधार पर निश्चित अवधि के लिए विदेशी नागरिकों की नियुक्ति अनुमेय है।

**जे.2.** विदेश से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सामान्यतः वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लिया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों को कोई प्रतिपूर्ति प्रदान नहीं की जाएगी। विदेश में रहने वाले अभ्यर्थी, जो चयन समिति की बैठक के समय भारत में हों, उन्हें बुलाए जाने पर व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा।

**जे.3.** विदेशी पासपोर्ट धारक अभ्यर्थियों के प्रत्येक मामले में विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है।

**जे.4.** ऊपर दर्शाया गया वेतन न्यूनतम है। चयन समिति की अनुशंसा पर और आईआईटी तिरुपति के शासी बोर्डके विवेक पर योग्य उम्मीदवारों को उच्चतर प्रारंभिक वेतन की पेशकश की जा सकती है।

**जे.5.** शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं से आगे), जिसमें पी.एच.डी. पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख करने वाला प्रमाण पत्र भी शामिल है, अपलोड किए जाने चाहिए।

**जे.6.** असाधारण अभ्यर्थियों के मामले में, संस्थान के पास आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित है।

**जे.7.** सरकारी और अर्ध-सरकारी संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने वर्तमान नियोक्ता के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को उचित प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन की प्रति/अनापत्ति प्रमाण पत्र ई-मेल द्वारा 'अधिष्ठाता, संकाय मामले' को भेजना होगा और साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी, अन्यथा उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

**जे.8.** संस्थान के पास विज्ञापित किसी भी या सभी पदों को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित है। साथ ही, चयन प्रक्रिया के समय उत्पन्न होने वाली किसी भी परिणामी रिक्ति को उपलब्ध अभ्यर्थियों में से भरा जा सकता है।

**जे.9.** संस्थान के पास साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या को विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम योग्यता और अनुभव से उच्चतर मापदंडों के आधार पर एक उचित सीमा तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है। केवल न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करना शॉर्टलिस्टिंग की गारंटी नहीं देता है।

**जे.10.** परियोजना और प्रकाशन संबंधी अपेक्षाएं विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार भिन्न हो सकती हैं, और समकक्ष विद्वतापूर्ण परिणामों पर विचार किया जा सकता है।

**जे.11.** साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी को दिया गया आमंत्रण केवल यह दर्शाता है कि वह दूसरों के साथ पद के लिए उपयुक्त हो सकता है/सकती है; यह इस बात का कोई आश्वासन नहीं देता कि उसकी अनुशंसा या चयन किया जाएगा अथवा आवेदन में निर्दिष्ट उसकी शर्तें स्वीकार की जाएंगी।

**जे.12.** संस्थान केवल उन अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने और बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो चयन समिति द्वारा विचार किए जाने के लिए प्रथम दृष्टया (Prima-facie) उपयुक्त पाए जाते हैं। अतः, केवल न्यूनतम निर्धारित शर्तों को पूरा करना किसी को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं बनाता है।

**जे.13.** साक्षात्कार के लिए न बुलाए जाने के कारण/साक्षात्कार के परिणाम के संबंध में अभ्यर्थियों के किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन के सभी मामलों में संस्थान के सक्षम प्राधिकारी और विशेषज्ञ चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

**जे.14.** व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी अभ्यर्थियों को भारत के भीतर उनके वर्तमान कार्यस्थल/निवास और तिरुपति के बीच सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने के द्वितीय श्रेणी एसी रेल किराए या इकोनॉमी क्लास हवाई किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी (अधिकतम ₹20,000/- तक सीमित)। यदि व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए विदेश से आ रहे हैं, तो प्रतिपूर्ति सबसे छोटे मार्ग के आधार पर ₹40,000/- या वास्तविक किराए, जो भी कम हो, तक सीमित है। हवाई यात्रा के मामले में टिकट 'बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड', 'अशोक ट्रेवल्स' या आईआरटीसीटी के माध्यम से ही बुक किए जाने चाहिए।

**जे.15.** आवेदन में प्रदान की गई जानकारी की सटीकता के लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी है। यदि बाद की किसी तिथि पर यह पाया जाता है कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी गलत/असत्य है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

**जे.16.** भर्ती/चयन प्रक्रिया के संबंध में कोई भी कानूनी विवाद केवल तिरुपति के अधिकार क्षेत्र (Jurisdiction) तक ही सीमित होगा।

**जे.17.** शॉर्टलिस्टिंग/चयन की प्रक्रिया में किसी भी अनजानी त्रुटि के मामले में, जो नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी किसी भी चरण में पाई जा सकती है, संस्थान के पास आवेदकों को किए गए किसी भी संचार को संशोधित करने/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**के. महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 10-04-2026
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: 09-05-2026 (शाम 5:00 बजे तक)

विशेष टिप्पणी: ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर अभ्यर्थी पूछताछ के लिए इस ईमेल पर संपर्क करें।: facultyrmt_queries@iittp.ac.in

हस्ताक्षर/-

कुलसचिव